तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 20 मई 2026

10 कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जनदर्शन ...

11 लोगों की समस्याओं का निराकरण कराना ...




# नकल कांड के बाद मचा बवाल, सवाल पूछने पर प्राचार्य ने मीडिया को दे डाली धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के कसडोल स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित ओपन बोर्ड परीक्षा के दौरान कथित रूप से नकल कराए जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मामले में मंगलवार को स्कूल के प्राचार्य, केंद्राध्यक्ष और बीईओ से सवाल करने पर जवाब देने से बचते नजर आए। वहीं प्राचार्य ने मीडिया कर्मियों देख लेने की धमकी तक दे डाली। गौरतलब है कि कसडोल स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मार्च में छग राज्य ओपन बोर्ड की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में कथित तौर पर नकल कराने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। हरिभूमि ने भी इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद मंगलवार को मीडिया कर्मी मामले की जानकारी लेने स्कूल पहुंचे और प्राचार्य से सवाल पूछने पर वह भड़क उठे। उन्होंने कहा कि वीडियो मत बनाओ नहीं तो देख लूंगा। कहा के पत्रकार हो, क्या डिग्री है जैसे धमकी भरे वाक्यांश उनके द्वारा कहे गए। वहीं परीक्षा के केंद्राध्यक्ष और बीईओ भी मामले में कुछ कहने से बचते रहे और स्कूल से चले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बलौदाबाजार कलेक्टर ने जांच टीम गठित कर पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने कहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

■ कलेक्टर ने गठित की जांच टीम

## वायरल वीडियो के बाद पीएम श्री स्कूल की परीक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल




### सवालों से बचते नजर आए जिम्मेदार अधिकारी

अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि परीक्षा निष्पक्ष थी, तो जिम्मेदार अधिकारी कैमरे और सवालों से क्यों भाग रहे हैं? क्या परीक्षा केंद्र में संगठित तरीके से नकल कराई जा रही थी? और यदि वायरल वीडियो सही है तो अब तक दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? परीक्षा केंद्र से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो 30 मार्च को आयोजित ओपन स्कूल परीक्षा का है। वायरल फुटेज में परीक्षा केंद्र के भीतर कथित तौर पर नियमों की अनदेखी करते हुए परीक्षार्थियों को सहायता दिए जाने जैसे दृश्य दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों एवं आम लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि परीक्षा केंद्रों में खुलेआम नकल कराई जाएगी, तो मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय होगा और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

बंगोली। ग्राम बंगोली में विगत रविवार रात्रि तीन से चार बजे के बीच अज्ञात वाहन की ठोकर से बस स्टैण्ड में युवक चंद्रप्रकाश खुटे 24 वर्ष की मौत हो गई। मृतक युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। घटना की सूचना पर खरोरा पुलिस ने शव को चीरघर भेज दिया। ज्ञात हो कि बस स्टैण्ड व इसके पांच सौ मीटर की परिधी में विगत एक वर्ष में दर्जनभर से अधिक लोगों की मौत हो गई है। लगभग सभी घटनाएं एक जैसी है तथा राजधानी रायपुर से बलौदाबाजार जिला को यह एक मात्र प्रमुख मार्ग है, जहां से मिनट टू मिनट दर्जनों मोटर सायकिल, चार पहिया सहित हजारों की संख्या में गाड़ियां दिनभर अपने मन मुताबिक तेज रफ्तार से दौड़ती हैं। क्योंकि कहीं पर भी गति को अवरोध करने लिये गतिरोधक नहीं है।खासबात ये कि बंगोली बस स्टैण्ड क्षेत्र के दर्जनों गावों के लोगों की आवागमन का प्रमुख केंद्र हैं । बस स्टैण्ड के पास मेनरोड में बैंक ऑफ बड़ौदा है। च्वाईस सेंटर, मेडिकल स्टोर, महिला हॉस्पिटल सहित अन्य दुकानें हैं, जहां आम लोगों का आना जाना दिनभर रहता है। आगे समय मौत की इंतजार न करते हुए सड़क परिवहन विभाग, जिला प्रशासन शीघ्र ही गति अवरोधक बनाना चाहिए।

### 9 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



भटगांव। भटगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलिहाघाट के बरतराम यादव नाम का व्यक्ति सलिहाघाट नर्सरी के अंदर अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी बरतराम यादव पिता हेतुराम यादव 40 वर्ष ग्राम सलिहाघाट थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 9 कच्ची महुआ शराब कीमती 1800 रू को समक्ष गवाह के जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त



खरोरा। नगर पंचायत खरोरा में एक बड़ा हादसा टल गया। नए जीप स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के सामने मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। पोल के झुक जाने से बिजली तार सड़क पर खतरनाक स्थिति में लटक गए, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों में डर का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग खरोरा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था संभाली। कर्मचारियों ने रातभर मौके पर निगरानी रखी और लगातार सुधार कार्य में जुटे रहे, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल सका। बताया जा रहा है कि यह घटना खरोरा मेन रोड पर हुई, जहां लगातार आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली तारों में किसी के फंसने का खतरा बना हुआ था। वहीं पुलिस नशे में लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की बात कह रही है। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों से दूर रहने की अपील की है।

## विरोध : कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

# सोना-चांदी व्यापार पर केंद्र की नीतियों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सोने-चांदी के व्यापार पर केंद्र सरकार द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों एवं जटिल नियमों के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना-प्रदर्शन एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों, स्वर्णकारों, छोटे व्यवसायियों एवं आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की गई।कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों एवं स्वर्णकारों ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों और लगातार बढ़ती प्रशासनिक जटिलताओं के कारण सोने-चांदी के व्यापार से जुड़े छोटे दुकानदारों, कारीगरों एवं श्रमिकों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक स्वर्णकारी कार्य से जुड़े परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और कारोबार करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।

कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नाम ज्ञापन सौंपकर व्यापारी वर्ग, कारीगरों एवं आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यदु, जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, जिला महामंत्री लखेश साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, अविनाश मिश्रा, संतोष साहू, दीनदयाल साहू, शाश्वत यादव, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्म चंद्र प्रकाश साहू, इंटक जिला अध्यक्ष चीतेंद्र वर्मा, शहर महामंत्री भेनू तिलक कन्नौजे, प्रसाद साहू, महामंत्री मंजू प्रसाद साहू, आयुष भाटपहरी, शहर महामंत्री नीरज बांधे, मोहन साहू, गणेश शंकर साहू, अभिषेक पटेल, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, पार्षद अर्जुन सेन, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों पर जताई नाराजगी

धरना-प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल-डीजल एवं खाद्य सामग्री की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर भी केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों एवं मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति कमजोर कर दी है। डीजल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर परिवहन, खेती-किसानी और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पड़ रहा है, जिससे आम जनता परेशान है।

### कीमतों पर नियंत्रण की अपील

कांग्रेस पार्टी ने मांग की कि व्यापारियों एवं कारीगरों के हितों को ध्यान में रखते हुए सोने-चांदी की खरीदी-बिक्री पर लगाए जा रहे प्रतिबंधों को तत्काल वापस लिया जाए तथा व्यापार को सरल एवं सुरक्षित बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएं। साथ ही पेट्रोल-डीजल एवं खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाने की मांग भी की गई।

### छोटे व्यापारियों पर बोझ बढ़ने का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सोने-चांदी का व्यापार केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की रोजी-रोटी का प्रमुख माध्यम है। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नियमों से छोटे व्यापारियों पर अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है, जिससे रोजगार और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां व्यापारी एवं मध्यम वर्ग विरोधी हैं।

# अमित बघेल समेत तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 10 जून 2024 को हुई हिंसा और आगजनी मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल, छग क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय यादव तथा अमित बघेल के करीबी दिनेश वर्मा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए फिलहाल राहत देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि आरोपियों पर बड़ी भीड़ को उकसाने, पुलिस बल पर हमला कराने तथा सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप हैं। ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों में जमानत प्रदान करना उचित नहीं माना जा सकता।जानकारी के अनुसार, मामले में लगभग 13 से 15 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचने का उल्लेख कोर्ट में किया गया। वहीं पुलिस की ओर से दावा किया गया कि घटना के दौरान 7 से 8 हजार लोगों की भीड़ हिंसक हो गई थी, जिसके चलते व्यापक स्तर पर आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई थीं। बताया जा रहा है कि इस प्रकरण में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यूएपीए के तहत भी गंभीर टिप्पणियां सामने आई हैं, जिससे आरोपियों की कानूनी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए आरोपियों को ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ बलौदाबाजार हिंसा केस में हाईकोर्ट सख्त, कहा- गंभीर आरोप में जमानत उचित नहीं

# पुरानी रंजिश में घर में घुसा युवक ने की मारपीट, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

पुलिस चौकी सोनाखान के अंतर्गत ग्राम जोगीडीपा में एक युवक के घर में जबरन घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों और मुक्कों से मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 मई को प्रार्थी गजेंद्र कुमार बांधे निवासी ग्राम जोगीडीपा ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि वह सुबह करीब 8.30 बजे अपने घर में खाना खा रहा था, तभी पुरानी पारिवारिक बात को लेकर आरोपी मनोज बांधे उसके घर में जबरन घुस आया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के व डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।इस दौरान जब एक अन्य व्यक्ति ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। इस हमले में प्रार्थी के चेहरे, गाल और आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी मनोज बांधे को 19 मई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा।



### पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 333, 296, 115(2) और 351(2) के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना में लिया था। चौकी सोनाखान पुलिस की टीम ने पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के ग्रामीणों और पड़ोसियों से विस्तृत पूछताछ की। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मनोज बांधे 38 वर्ष निवासी ग्राम बलार - नवागांव को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने पुरानी पारिवारिक रंजिश के कारण घर में घुसकर मारपीट करने का जुर्म कबूल कर लिया।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे लोहे की रॉड और कटर मशीन से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा के चुचरुंगपुर वार्ड में एक घरेलू विवाद ने देखते ही देखते भीषण खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच हुई इस हिंसक झड़प में लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और यहां तक कि लकड़ी काटने वाली मशीन कटर का भी खुलकर इस्तेमाल किया गया। इस खूनी खेल में दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों का इलाज सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**प्रथम पक्ष, बेटी के लापता होने पर भड़ास निकालने पर हुई मारपीट:** पुलिस के जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत 16 मई की रात लगभग 9.30 बजे हुआ। चुचरुंगपुर निवासी राधा यदु की पुत्री घर में बिना बताए गांव के ही एक लड़के के साथ कहीं चली गई थी। इसी बात से व्यथित होकर राधा यदु अपने घर के दरवाजे के पास रो-रो कर भड़ास निकाल रही थी।

**द्वितीय पक्ष, शराब के नशे में आकर मारपीट का आरोप:** वहीं दूसरी ओर, लल्ला भट्ट ने भी काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसकी शिकायत के अनुसार, वह अपने पड़ोसी शेखर भट्ट के साथ घर के सामने खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। इसी बीच गांव के पप्पू यदु एवं परमानंद यदु शराब के नशे में वहां पहुंचे और तुम लोग अपने आप को बहुत होशियार समझते हो कहकर गाली-गलौज व मारपीट करने लगे।

तभी गांव के संतोषी भट्ट, सविता भट्ट, ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कई घायल, गांव में भारी पुलिस बल तैनात




### गांव में पुलिस तैनात

चुचरुंगपुर में हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया गया था, लेकिन रात्रि में विवाद फिर बढ़ गया जो खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। फिलहाल एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है और वर्तमान में वहां शांति का माहौल है।

-धीरेंद्र दुबे, टीआई, सिमगा

## व्यवस्था सुधारने जनप्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

# अघोषित बिजली कटौती से सब हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, कम वोल्टेज तथा समय पर विद्युत सुधार कार्य नहीं होने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले एवं नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि भीषण गर्मी और उमस के बीच रातभर बिजली बंद रहने से नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बार-बार बिजली गुल होने, कम वोल्टेज की समस्या तथा घंटों तक सुधार कार्य नहीं होने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर मामूली तकनीकी खराबी, जैसे डीओ गिरने की स्थिति में भी समय पर सुधार नहीं किया जाता, जिससे लोगों को लंबे समय तक अंधेरे में रहना पड़ता है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा शिकायत के दौरान फोन रिसीव नहीं करने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। कई मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें रातभर बंद रहने से आम नागरिकों को आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले एवं नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने बिजली विभाग से नियमित सुधार टीम की संख्या बढ़ाने, शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा नगर में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित ▶▶ शेष पेज 10 पर



# ट्रक चालक की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना कसडोल क्षेत्र में वर्ष 2017 में हुए ट्रक चालक हत्या प्रकरण में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है।

सरकारी वकील लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने बताया कि घटना 2 जुलाई 2017 से 5 जुलाई 2017 के बीच की है। मृतक ट्रक चालक राकेश बघेल तथा खलासी आरोपी मोतीराम ध्रुव सीमेंट प्लांट हिरमी से ट्रक में सीमेंट भरकर चंद्रपुर के लिए निकले थे। इसी दौरान ग्राम दर्रा थाना कसडोल के पास आरोपी ने ट्रक चालक राकेश बघेल की हत्या कर शव को तालाब किनारे गड्ढा खोदकर दफना दिया तथा मृतक का मोबाइल, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 13 हजार रुपये एवं अन्य सामान लेकर फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, जिस कंपनी की ट्रक मृतक चला रहा था, उसी कंपनी के अन्य चालक ने ट्रक को लावारिस हालत में खड़ा देखा और इसकी सूचना कंपनी प्रबंधन एवं मृतक के बड़े भाई को दी। इसके बाद मृतक के बड़े भाई ने थाना कसडोल पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट ▶▶ शेष पेज 10 पर

### 33 गवाहों के बयान से अभियोजन पक्ष ने पेश किए

पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव बूढ़ागहन आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने राकेश बघेल की हत्या कर शव को दफनाने तथा मृतक का सामान अपने पास रखने की बात स्वीकार की। इसके बाद आरोपी के विरुद्ध धारा 302 एवं धारा 201 भादवि के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 33 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। अंतिम बहस में लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि घटना से पूर्व आरोपी और मृतक को एक साथ ट्रक में जाते हुए देखा गया था। साथ ही आरोपी के कब्जे से मृतक के दस्तावेज एवं अन्य सामान बरामद हुए थे तथा घटना के बाद आरोपी लगातार फरार रहा, जो उसके अपराध को सिद्ध करता है।

# पति की प्रताड़ना से त्रस्त महिला 6 बच्चों को लेकर 1993 में दिल्ली गई, 33 साल बाद लौटी घर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

रमा उर्फ रंभा पति विशंभर कुर्रे ससुराल सलखन खरौद, जिला जांजगीर और मायका भटगांव बिलाईगढ़ 61 साल जो कि पति की प्रताड़ना से त्रस्त होकर अपने छोटे छोटे 6 बच्चों को लेकर सन 1993 में दिल्ली चले गई थी। कोई चिट्ठी न पत्रिका मायका, ससुराल वालों को लगा रंभा और उसके बच्चे किसी अनहोनी घटना के शिकार हो गए होंगे। दोनों पक्ष यह मान लिए थे कि रमा अब कभी लौट कर नहीं आएगी। बीते दिनों रमा ने 33 साल बाद मायका वापस लौटी तो सब कुछ बदल गया था। मायका में माता पिता चल बसे हैं, घर का पता भी बदल चुका था, पुराने घर नहीं दिखा, तो रिश्तेदारों के यहां गई, कइयों ने पहचानने से इंकार किया तो कइयों ने गले लगाया।


अपनों को पाकर रमा खुश हुई, तो माता पिता को सामने न पाकर दुखी भी हुई, लेकिन अपनी बहनों की स्नेह,भतीजा पार्षद मनोहर टंडन का साथ पाकर अच्छा लगा। 33 साल बाद लौटी रमा ने बताया कि उसका पति विशंभर शराब पीकर काफी मारता पीटता था। वह जुआ, सट्टे का आदि था। जब प्रताड़ना उसके साथ ज्यादती हुई तो वे मायका और ससुराल वालों को बिना बताए 6 बच्चों को लेकर दिल्ली चली गई। रमा को डर था कि यदि वे किसी को उसके ठिकाना का पता चल जाएगा तो उसका पति विशंभर वहां भी पहुंचकर मारपीट करेगा, इसी डर से वह मायका में भी उसने पता नहीं बताया और अकेले ही अपने 6 बच्चों का पालन पोषण कर काबिल बना दिया।

## मायका ससुराल पहुंची तो कोई दुत्कारा तो कोई दुलारा



### दूसरी महिला को लेकर रिश्तों में तनाव और विवाद

उन्हें जानकारी मिली कि उसके पति ने बिहार की एक महिला को रखैल के तौर पर रखा था, जो बिलासपुर के सकरी में स्थित एक कॉलोनी में निवासरत हैं और बीमार हालत में है, इस महिला के पूर्व पति से एक लड़की भी है, जो वह भी बीमार है। बताया जा रहा है इनके पति की सभी संपत्तियों पर कुछ असामाजिक तत्वों की नजर लग गई है। रमा को कोई लालच नहीं है, लेकिन नियम के तहत अपने पति के संपत्तियों (स्वतत्वों) पर अपनी पहली पत्नी और बच्चों को हक पाने का पूरा अधिकार जिसे कोई भी नहीं छीन सकता, हालांकि इन सब के लिए कई दफ्तरों में हलफनामा देकर न्याय के लिए लड़ना पड़ेगा। इनके रिश्ते नाते भी रमा को सलाह दे रहे हैं, कि वे 33 सालों तक अकेले ही संघर्ष किया, अब अंतिम पड़ाव में अपने लिए नहीं तो कम से कम अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपने पति की संपत्तियां पर दावा करना चाहिए ताकि बची हुई संपत्तियां गलत हाथों में न चली जाएं।



## खबर संक्षेप



### पूर्व विस अध्यक्ष से परगिया कुर्मी समाज के पदाधिकारी ने की मुलाकात

**मुंडा।** छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के समस्त पदाधिकारी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से निज निवास पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, लोकपाल देव प्रसाद वर्मा, परस वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजू वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, जनपद सदस्य व किसान मोर्चा संघ अध्यक्ष शिव वर्मा, भाजपा महामंत्री युवा ग्राम प्रमुख चंद्रभूषण वर्मा, लाहौद मंडल युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रामकृपाल वर्मा सोसाइटी मनोनीत अध्यक्ष व युवा कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र वर्मा, नंदू वर्मा सहित कुर्मी समाज के लोग मौजूद थे।

### खाद के बाद डीजल का दाम बढ़ने से किसान परेशान

**रायपुर।** डीजल के दाम बढ़ने और इसकी किल्लत ने कृषि लागत को बेतहाशा बढ़ा दिया है। छत्तीसगढ़ के कृषि-प्रधान क्षेत्रों में सिंचाई और ट्रैक्टर संचालन जैसे जरूरी कामों के लिए ईंधन की अनुपलब्धता किसानों को भारी संकट में डाल रही है, जिससे आम जनता भी महंगाई की मार झेल रही है और भारी आक्रोशित हो गए हैं। साथ ही डीजल, पेट्रोल का दाम रातों-रात 3 रुपए बढ़ाए गए। इस संबंध में किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि किसानों की खरीफ का कार्य जोरों पर है, जुताई का कार्य प्रारंभ हो चुका है, लेकिन किसान मजबूर होकर सरकार के तुगलकी फरमान का शिकार हो रहे हैं। किसानों को जेरीकेन एवं ड्रम में डीजल देने का आदेश सरकार कराए। किसान सबकुछ होकर भी बेबस होकर डीजल पर प्रतिबंध के कारण मजबूर हैं। साथ ही जब किसानों का खेती का काम प्रारंभ होने पर ही डीजल का रेट बढ़ाना किसान विरोधी कार्य है किसानों को राहत देते हुए बढ़ी हुई दर किसानों के लिए माफ कर वापिस लें, प्रति एकड़ लगभग 100 रुपए की अतिरिक्त कृषि लागत केवल डीजल में बढ़ोतरी के कारण होगी।

## आंदोलन : केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार सरसीवां

देश प्रदेश में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री एवं सराफा बाजार में लगातार सोना चांदी के बढ़ रहे दामों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवां द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष तारा चंद देवांगन के सुझाव अनुसार उक्त धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन पश्चात कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता बढ़ते महंगाई के विरोध में हाथ में झंडा और महंगाई विरोधी तख्ती लेकर पैडल मार्च किया व जोर शोर से केंद्र सरकार, राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

उक्त कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के मार्गदर्शन व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवां के अध्यक्ष भीष्म साहू के द्वारा अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया।उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरें, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोपाल पांडे, नीतीश बंजारे, जागेश्वर लहरे, तीरीथ खटकर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश पाण्डेय, सोनाखान ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, रमेश सोनी, अब्दुल खान, संजय साहू, जान मोहम्मद खान सहित सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आम जनता की समस्याओं को उठाया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए थे।



### महंगाई के विरुद्ध कांग्रेस का नपं टुंडरा में विरोध प्रदर्शन

**गिधौरी।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक द्वारा नगर पंचायत टुंडा में महंगाई के खिलाफ, डीजल पेट्रोल की मूल्य वृद्धि एवं अनुपलब्धता के खिलाफ, भारतीय जनता पार्टी के किसान विरोधी नीति, जन विरोधी नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की तादात में कार्यकर्ता पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के साथ मोती राम साहू पूर्व नगर अध्यक्ष टुंडरा, राजमहंत पीके धृतलहरे, रामशंकर साहू, जान मोहम्मद खान, इतवारी साहू, सतीश साहू, युगल किशोर साहू, रमाकांत साहू, योगेश साहू, माधव साहू, कंचन पटेल, दुलीचंद देवांगन, रवि बंजारे, लक्ष्मी नारायण साहू, संतोष धीवर, द्वारका साहू, छोटेलाल देवांगन, अश्विनी यादव, मुरलीधर मिश्रा, सुखलाल निषाद हेमलाल पटेल राम भरोसे साहू, छत लाल वर्मा, राजेश साहू, राजेंद्र बारले, रामचरण साहू, देवकरण बारले, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन शामिल रहे हैं।



कांग्रेस के नेता गोपाल पांडेय ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन जीना कठिन होता जा रहा है। आज पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर से लेकर रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम दिनों दिन आसमान छू रहा है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन दूभर हो गया है।भाजपा की डबल इंजन की सरकार के चलते हर वर्ग परेशान हैं। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारा देवांगन ने कहा कि केंद्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज के युवा बेरोजगारी और आर्थिक संकट के कारण लगातार परेशान होता चला जा रहा है। इन्होंने आगे कहा कि हमारी कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। धरना प्रदर्शन के अंत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भीष्म साहू ने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया साथ साथ उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा बढ़ाई जा रही महंगाई पर नियंत्रण लगाने आम जनता के लिए हमेशा आंदोलन करते रहने की अपील की।

# रात के अंधेरे में रेत का अवैध खनन, कार्रवाई की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

तहसील से महज 7 किमी दूर महानदी किनारे बसे परसापाली में किसी रेत माफिया द्वारा रात में 11 बजे के करीब अन्धेरे के आड़ में जेसीबी मशीन के सहारे रेत की अवैध खनन एवं परिवहन हाइवा से किया जा रहा है, जिससे राजस्व की लाखों की हानि हो रही है। रातभर 30 हाइवा से रेत का अवैध परिवहन लगातार जारी है। विभाग को जानकारी हैं या नहीं यह स्पष्ट कहना मुश्किल है, लेकिन खनन हो रहा है यह स्पष्ट सूत्रों के हवाले से खबर पक्की है। सुबह के पहली किरण होते ही रेत माफिया अपनी जेसीबी मशीन को समेटकर किनारे कर लिए जाने की खबर है। जिला प्रशासन यदि चाहे तो बहुत हद तक रेत की अवैध खनन परिवहन सहित डीजल की खपत पर नियंत्रण लगा सकता है, जिन ट्रैक्टर एवं हाइवा पर अवैध रेत परिवहन की कार्रवाई लगातार खनिज विभाग द्वारा की गई हैं। ऐसे गाड़ियों की सूची जिले के सभी पेट्रोल पंप को उपलब्ध कराकर निर्देश जारी किये जाए कि इन्हें डीजल किसी भी सूरत में न दी जाए, निश्चित ही रेत की अवैध खनन परिवहन ही नहीं रुकेगा, बल्कि डीजल की किल्लत से भी कुछ हद तक नियंत्रण किये जा सकते हैं। फिलहाल यह देखना होगा कि जिले में यह निर्देश कब निकलकर सामने आएगा। प्रशिक्षु खनिज निरीक्षक मोनिका चौहान ने बताया कि कार्रवाई होगी।

# 25 मई तक मनाया जाएगा जनजातीय गरिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में 18 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले अभियान भी चलाया जाएगा। इसके तहत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांव में योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु विशेष शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में शिविर आयोजन के सम्बंध में अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये।

- जनजातीय बाहुल्य 46 गांवों में लगाए जाएंगे योजना संतृप्तिकरण शिविर

अभियान के तहत 18 मई को शुभारम्भ, 19 से से 25 मई तक संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे जिसमें, स्वास्थ्य जांच भी होगा। 20 मई को अधिकारी एवं आदि कर्मयोगी द्वारा ग्राम भ्रमण, 21 से 23 मई तक जनसुनवाई, 24 एवं 25 मई को दस्तावेजीकरण होगा।




कलेक्टर शर्मा ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 6 माह से अधिक समय तक लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये मुहीम चलाएं और 15 जुलाई तक पूरा करें। इसके पश्चात कोई भी प्रकरण 3 माह से अधिक लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंने सीमांकन आवेदन के निराकरण के लिये आरआई अनुसार मैपिंग कर आवंटित करने तथा समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये।उन्होंने पटवारी और सचिव को आवंटित प्रभार के गांव में उपस्थिति का दिन समय पंचायत कार्यालय में चस्पा करने कहा ताकि लोगों को उनके कार्यालय में उपस्थिति की जानकारी रहे।

कलेक्टर ने पेट्रोल पम्प में पेट्रोल डीजल की आपूर्ति एवं वितरण हेतु एसडीएम एवं तहसीलदारों को नियमित जांच करने के निर्देश दिये। आगामी खरीफ सीजन हेतु समितियों में खाद बीज का पर्याप्त भण्डारण तथा किसानों को नैनो यूरिया व नैनो डीईपी के उपयोग के लिये प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न सड़कों के निर्माण की समीक्षा करते हुए बारिश से पहले निर्माण कार्य पूर्ण करने कहा।

### सड़क डिवाइडर में कट होने पर एजेंसी होंगी जिम्मेदार

शहरों में सड़क में बनाए जा रहे डिवाइडर में जगह - जगह कट के कारण दुर्घना की प्रबल आशंका को देखते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि डिवाइडर में किस स्थान पर कट देना है, उसके लिये समिति गठित कर उसके निर्णय अनुसार ही उसी स्थान पर कट दिया जाए। इसके अतिरिक्त अन्य स्थान पर कट होने और दुर्घटना होने पर सम्बंधित एजेंसी को भी पक्षकार बनाया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जनदर्शन में आमजनों से की मुलाक़ात




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रत्येक मंगलवार की तरह आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे आमजनों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में सीमांकन संबंधी आवेदन, विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन, दिव्यांगजनों द्वारा ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने की मांग सहित पेयजल एवं जल समस्या से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व प्रकरणों, अतिक्रमण एवं पेयजल समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में जिला स्तर के सभी अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### अमित बघेल समेत...

एक वर्ष बाद पुनः जमानत आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। गौरतलब है कि अमित बघेल की गिरफ्तारी 11 जनवरी 2025 को हुई थी। बलौदाबाजार हिंसा मामले में अब तक 200 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें से अधिकांश आरोपियों को पूर्व में जमानत मिल चुकी है, लेकिन हाईकोर्ट के इस ताजा फैसले के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

### दो पक्षों के बीच...

लल्ला भट्ट, परस भट्ट, चंदू भट्ट एवं अन्य वहां पहुंचे और हमें क्यों सुना रही हो कहकर विवाद करने लगे। इन सभी ने एक राय होकर राधा यदु के साथ मां-बहन की अश्लील गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट की। इस हमले में राधा यदु के कमर और दाहिने घुटने में चोट आई है। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया था।

इस बीच तिरिथ यदु, गोलू यदु एवं मोहल्ले के अन्य लोग भी वहां आ गए और सभी ने एक होकर लल्ला और शेखर भट्ट को जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर पीटा। इस मारपीट से लल्ला भट्ट के सिर, गले व बाएं पैर के घुटने के पास चोट आई है, जबकि शेखर भट्ट के बाएं कंधे, कलाई और सिर में चोटें आई हैं। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर पप्पू यदु, परमानंद यदु, तिरिथ यदु, गोलू यदु एवं अन्य के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया।

मामला शांत कराने के बाद भी दोनों पक्षों के बीच का तनाव कम नहीं हुआ। 17 मई की रात लगभग 10 बजे यह मामूली विवाद अचानक बेहद उग्र हो गया। दोनों पक्षों के लोग हथियारों के साथ आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और लकड़ी काटने वाली मशीन से जानलेवा हमला बोल दिया। इस भीषण मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें नाजुक हालत में रायपुर रेफर किया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सिमगा पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बेहद सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध धारा 191(2), 191(3), 190, 331(6), 296, 351(3), 115(2) और 109 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक चालक की ...

दर्ज कराई। पुलिस ने जब ट्रक की जांच की तो उसमें कई जगह खून के धब्बे मिले। वहीं जेक रॉड और पाना में भी खून के निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका गहराई।

कुछ दिनों बाद ग्राम दर्रा में एक अज्ञात शव मिलने पर मृतक के बड़े भाई ने उसकी पहचान राकेश बघेल के रूप में की। घटना के बाद से खलासी मोतीराम ध्रुव लगातार फरार था, जिससे पुलिस और परिजनों का संदेह उस पर गहरा गया। इसके बाद थाना कसडोल पुलिस ने आरोपी की लगातार तलाश शुरू की।

सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान के आधार पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश संजया रात्रे ने आरोपी मोतीराम ध्रुव को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 201 भादवि के तहत सात वर्ष के कठोर कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले के बाद मृतक परिवार ने संतोष व्यक्त किया है। वहीं क्षेत्र में भी इस निर्णय को लेकर लोगों ने कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर विश्वास मजबूत होने की बात कही है।

### अघोषित बिजली कटौती...


करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए विभाग को गंभीरता के साथ कार्य करना होगा। बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं को लेकर यह चर्चा बिजली विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर जे.पी. अनंत के समक्ष की गई। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव, गोविंद पात्रे, युवा नेता हेमंत ठाकुर, रवि साहू एवं शमीम खान उपस्थित थे।

## सड़क किनारे और भवनों पर लगे जर्जर होर्डिंग्स बन रहे हादसों का कारण

# वैध-अवैध होर्डिंग्स से बिगड़ रही शहर की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में इन दिनों शहर की सड़कों, चौक-चौराहों और भवनों के ऊपर लगे वैध एवं अवैध होर्डिंग्स शहर की सुंदरता बिगाड़ने के साथ-साथ दुर्घटनाओं को भी आमंत्रित कर रहे हैं। नगर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति लगाए गए बड़े-बड़े होर्डिंग्स और जर्जर फ्लेक्स लोगों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। तेज आधी आने पर बिजली के तारों या ट्रांसफार्मर में फ्लेक्स के लिपट जाने से बिजली भी प्रभावित हो जाती है। नगरपालिका द्वारा समय-समय पर कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। शहर के संकरे मार्गों, डिवाइडरों तथा सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स के कारण वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। कई स्थानों पर होर्डिंग्स के लोहे के ढांचे और टूटे फ्लेक्स हवा चलने पर सड़क पर गिरने की स्थिति में दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।जानकारी के अनुसार नगर पालिका के रिकॉर्ड में वर्ष 2024 तक शहर में 273 वैध होर्डिंग्स दर्ज थे, जो वर्तमान में बढ़कर लगभग 281 हो चुके हैं। इनमें डिवाइडरों पर लगाए गए यूनिपोल, विद्युत पोलों पर लगे छोटे फ्लेक्स तथा निजी भवनों पर लगे बड़े विज्ञापन बोर्ड शामिल हैं। इसके बावजूद शहर में बड़ी संख्या में ऐसे होर्डिंग्स भी लगे हुए हैं, जिनके लिए अनुमति नहीं ली गई है।



### राजस्व को भी हो रहा नुकसान

सूत्रों के अनुसार शहर में बड़ी संख्या में अवैध होर्डिंग्स लगाए जाने से नगर पालिका को राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। विज्ञापन एजेंसियां और निजी संस्थान बिना अनुमति विज्ञापन लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं, जबकि पालिका को निर्धारित शुल्क प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

### डिवाइडरों पर लगे यूनिपोल भी बने खतरा

नगर के कई प्रमुख मार्गों के बीच बने डिवाइडरों पर बड़े यूनिपोल लगाए गए हैं। इन पर लगे भारी-भरकम फ्लेक्स तेज हवा और आंधी के दौरान हिलते दिखाई देते हैं। कई बार फ्लेक्स फटकर सड़क पर गिर जाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। वहीं जर्जर हो चुके लोहे के ढांचे और खुले तारों से विद्युत दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। अक्सर तेज आंधी आने से यह फ्लेक्स फटकर बिजली के हाइटेंशन तार और ट्रांसफार्मर पर लिपट जाते है जिससे शॉर्ट सर्किट या तार टूट जाने से नगर में विद्युत आपूर्ति घाटों बाधित रहती है।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इन होर्डिंग्स की नियमित जांच और मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। कई स्थानों पर होर्डिंग्स बिजली के तारों के बेहद करीब लगाए गए हैं, जिससे शॉर्ट-सर्किट और आग लगने जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप



### श्रीमाता महाभिषेक का आयोजन आज

**खरोरा।** नगर के हृदय स्थल स्थित श्रीमाता राजराजेश्वरी मंदिर में 21वें पाटोत्सव पर श्रीमाता महाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन 20 मई को किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 11 से 12 बजे तक पूजन होगा, इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से मां राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुंदरी का महाभिषेक किया जाएगा। वहीं दोपहर 1 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने घर से अभिषेक हेतु सामग्री लेकर आएं तथा अपने हाथों से मां का अभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। श्रद्धालु दूध, दही, घृत, मधु, शक्कर मिश्रित जल, चंदन, शुद्ध हल्दी निर्मित रोली, भस्म मिश्रित जल तथा आम, संतरा, गन्ना, नारियल अथवा अन्य फलों का रस लगा सकते हैं।

### सहकारी समिति में खरीफ फसल के लिए खाद का वितरण



**मुंडा।** कृषि साख सरकारी समिति मुंडा में खरीफ फसल के लिए किसानों को खाद वितरण किया जा रहा है, जिसमें 16 तारीख शनिवार को मुंडा पंचायत, 18 तारीख सोमवार को कोलिहा सर्वाडीय पंचायत, 19 तारीख मंगलवार को चिरपोटा खम्हारडीह पंचायत को खाद वितरण किया गया। इसमें प्रभारी समिति प्रबंधक शेखर साहू ने बताया कि 1 एकड़ में एक बोरी डीएपी एक बोरी यूरिया के हिसाब से एक एकड़ से 5 एकड़ तक के कृषक को एक मुस्त दिया जा रहा है और 5 एकड़ से अधिक जमीन पर किस्त अनुसार खाद दिया जा रहा है, ताकि सभी कृषकों को उर्वर खाद उपलब्ध कराया जा सके ।

### दिव्यांश फाउंडेशन ने छेड़ा जल संरक्षण अभियान



**रायपुर।** बढ़ती गर्मी में पेयजल की समस्याओं को देखते हुए दिव्यांश फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन में सोमवार को जल संरक्षण अभियान का आयोजन किया गया। जहां घरेलू जल संरक्षण के उपाय बताए गए और साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आमजनों में पर्चे भी बांटे गए। संस्था के पदाधिकारियों ने निवेदन किया कि आमजनों की सहभागिता से इस मुहिम को और भी ज्यादा सफल बनाया जा सकता है। इसका हिस्सा बनने के लिए संपर्क सूत्र 93296 67551 पर संपर्क किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में वीरेंद्र कश्यप, गगन सिंह, मुकेश साहू का योगदान रहा।

**शपथ-पत्र**
**(नाबालिग पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में)**

मैं रविशंकर केशरवानी सुपुत्र चेतन प्रसाद केशरवानी निवासी बेलाडुला तह. भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं :-

1. मैं बेलाडुला तह. भटगांव जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ का स्थायी निवासी हूं।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्र हिमेन्दर केशरवानी से बदलकर स्वयं केशरवानी करवाना चाहता हूं।
3. मेरे अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरी पत्नि ज्ञानेश्वरी केशरवानी को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

दिनांक- 19.05.2026
रविशंकर
शपथकर्ता

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में खरीफ मौसम में आधुनिक तकनीकों के प्रति किसानों को किया जागरूक

# वैज्ञानिकों ने दी आधुनिक खेती की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहभागिता से 5 मई से 20 मई तक ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' के द्वारा खरीफ पूर्व अभियान चलाया जा रहा है।शिविर में विशेष रूप से फसल चक्र परिवर्तन, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, ऑयल पाम, एग्रीस्टैक योजना, पराली प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में कृषकों को समृद्धि बनाने हेतु अभियान चलाकर शिविर के माध्यम से कृषि एवं समवर्गीय विभागों द्वारा उन्नत तकनीक एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय, भाटापारा के वैज्ञानिक गॉव-गॉव पहुंचकर खेती की उन्नत तरीकों की जानकारी किसानों को प्रदान की जा रही है।जिले सभी विकासखण्डों में अब तक 10 टीमों के द्वारा 98 स्थानों पर रथ संचालित कर प्रचार-प्रसार किया गया, जिसमें 3699 कृषकों को विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में शिविर के माध्यम से खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है।शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय, भाटापारा, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, उद्यान विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक, एफ.पी.ओ., एफ.आई.जी., कृषि उद्यमी, ग्रामवासियों व विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### किसानों को मत्स्य, उद्यान एवं पशुपालन योजनाओं की मिली विस्तृत जानकारी

मत्स्य पालन विभाग में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यान विभाग राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत घटक पुष्प विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार, मशाला क्षेत्र विस्तार संरक्षित खेती, राज्य पोषित योजनान्तर्गत समेकित कृषि विकास योजना, फल उद्यान, नलकूप खनन, हल्दी, अदरक की खेती के बारे में जानकारी साझा किया गया व अन्य तकनीकी विषयों की जानकारी दी गईं। इसी तारतम्य में पशुपालन विभाग द्वारा कुकूट प्रदाय योजना, सांड प्रदाय योजना, सुकर तरई योजना, कृत्रिम गर्भाधान एवं बकरा पालन योजना की जानकारी दी गई।

### ड्रोन, पैडी ट्रांसप्लांटर और नैनो उर्वरकों की दी जानकारी



**सुहेला।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सुहेला क्षेत्र की सोसायटी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मृदा परीक्षण, खेती की तैयारी, फसल चयन, बीज उपचार, कृषि ड्रोन के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण, समय पर बोनी, कतारबद्ध बोनी तथा पैडी ट्रांसप्लांटर से धान रोपण जैसी आधुनिक तकनीकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।कार्यक्रम में कृषि अनुसंधान सहायक वैज्ञानिक डी. वर्मा ने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से किसानों का समय, श्रम और लागत तीनों की बचत हो रही है। पहले खेती के लिए बैल, मजदूर एवं अधिक समय की आवश्यकता होती थी, लेकिन वर्तमान समय में आधुनिक यंत्रों के माध्यम से बुआई से लेकर कटाई तक अधिकांश कार्य आसानी से किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि धान की पारंपरिक रोपाई में जहां प्रति एकड़ लगभग 50 से 60 किलो बीज की आवश्यकता पड़ती थी।डी. पी वर्मा ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं नई नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन दोनों में वृद्धि होगी।
सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी गिरिजा शंकर वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक खेती समय की मांग बन चुकी है। समय पर बोनी एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से किसान खरीफ के बाद रबी फसलों जैसे गेहूं, सरसों, अरहर, मटर एवं अन्य फसलों की समय पर खेती कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। समिति प्रबंधक शिवदास मानकपुरी ने कहा कि सरकार एवं कृषि विभाग किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के विकासखंड प्रभारी अमन राठौर ने किसानों को जल संरक्षण एवं उन्नत बागवानी तकनीकों की जानकारी देते हुए कहा कि कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई एवं आधुनिक तकनीकों का उपयोग आवश्यक है।कार्यक्रम में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग एवं इफको के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी किसानों को विभिन्न योजनाओं एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह ठाकुर, निरंजन लाल वर्मा, समिति प्रबंधक शिवदास मानकपुरी, संतोष पाल, रवि वर्मा दानी राम शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं सोसायटी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस उठायेगी आवाज



**लवन।** खाद की किल्लत, किसानों को समय पर बीज एवं यूरिया नहीं मिलने और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर किसान कांग्रेस ने आवाज बुलंद की है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे ने कहा कि वर्तमान समय में किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन सरकार किसानों की परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद, बीज, यूरिया, ग्रोमोर, कृषि लोन एवं फसल बीमा जैसी मूलभूत सुविधाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई मामलों में किसानों की समस्याएं तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में लंबित पड़ी हुई हैं। किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय किसान कांग्रेस से हर गांव और हर मोहल्ले से अधिक से अधिक लोग जुड़ें, ताकि किसानों की समस्याओं को सरकार तक मजबूती और गंभीरता से पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ के किसान एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे, तो किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान संभव हो सकेगा।

## धर्मांतरण रोकने और सामाजिक रीति नीति में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला बलौदाबाजार के पदाधिकारियों का आवश्यक बैठक महंत नयन दास महिलांग स्मृति स्थल में हुई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले, डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे ,कोषाध्यक्ष श्याम जी टांडे एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यगण गुलाब टंडन, यादराम हिरवानी, श्यामलाल सितारे, गणेश प्रसाद बघेल, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष गिरवर निराला, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे के गरिमामय उपस्थिति में बाबा जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले ने कहा प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज निरंतर समाज हित में कार्य कर रही है। समाज को संगठित करना हमारा लक्ष्य है। सतनामी समाज बाहुल्य 10 से अधिक जिलों सामाजिक पदाधिकारी का निर्वाचन मनोनयन किया जा चुका हैं। लगभग 20 जिलों में हमारे संस्था काम कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने ब्लॉक में किए जा रहे सामाजिक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों सहित प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, जिला महासचिव सुशील बंजारे उपाध्यक्ष बी एल दीवाकर, कोषाध्यक्ष लेखराम गनहरे, मीडिया प्रभारी सहदेव जोशी अशोक मंडले, पलारी ब्लॉक अध्यक्ष महेश ढीढी, लवन ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र डहरिया, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लता सोनवानी, कुमार भारद्वाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी सदस्य,शहर अध्यक्ष देवेन्द्र बंजारे,युवा प्रकोष्ठ कार्यकारी जिला अध्यक्ष अजय सांडे सचिव मनेजर डहरिया, विजय बांधे, नरोत्तम बघेल, शत्रुहन बंजारे, मोहर चतुर्वेदी, महेश घृतलहरे, राजेश कुर्रे, अशोक घृतलहरे, ध्रुव प्रहलाद मिरी आदि लोग उपस्थित रहे।



### सतनामी समाज 18 दिसंबर को प्रदेश में बाबाजी की जयंती मनायेगा

पूर्व विधायक डॉ सनम जांगडे ने कहा प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा प्रदेश में समाज हित में किए जा रहे रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य काफी सराहनीय है। प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले के मार्गदर्शन में समाज में बेहतर कार्य हो रहे हैं। समाज में रीति नीति में समय के साथ परिवर्तन किया जाना जरूरी है। आज प्रदेश में धर्म परिवर्तन प्रमुख समस्या है सभी जाति के लोगों धर्मांतरित हो रहे। सतनामी समाज में धर्मांतरण को रोकने एवं धर्मांतरित लोगों को घर वापसी कराकर समाज को संगठित एवं एकजुट करने की आवश्यकता है। समाज में 18 दिसम्बर को ही गुरु घासीदास जयंती सादगीपूर्ण मनाने का निर्णय सहित कफ़न, मृत्यु भोज में प्रतिबंध का सहित 15 बिंदुओं पर पारित प्रस्ताव को गांव-गांव में अमल कराने का सार्थक प्रयास किया जाए।

## लोगों की समस्याओं का निराकरण कराना ही है सुशासन तिहार का उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुलसी में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया, जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने मंच में बारी बारी से सभी विभागों के अधिकारियों को बुलाकर प्राप्त आवेदन एवं उसके निराकरण तथा लंबित आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण करने एवं समस्त विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यालय में चस्पा होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को सरकार की योजनाओं का पता चल सके और वे उसका लाभ उठा सकें। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी अतुल शेटे से कहा कि लोगों के छोटे-छोटे कार्य जैसे सीमांकन बटांकन नामांतरण त्रुटि सुधार फौती उठाने में लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा एक समय सीमा में लोगों की समस्याओं का हल हो। सोसायटी प्रबंधक से खाद बीज के भंडारन के बारे में जानकारी ली। कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा सहित आस पास के ग्रामों में अवैध रूप शराब बिक्री के मामले में आबकारी अधिकारी एवं दामाखेड़ा चौकी प्रभारी को हिदायत देते हुए कहा कि अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं सप्लाई करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन कार्यकाल में ही क्षेत्र में सड़क स्कूल भवन पानी टंकी धान खरीदी केन्द्र एवं अन्य विकास के कार्य हुए भाजपा की विष्णु देव सरकार आम जनमानस का विकास कैसे हो इसी ध्येय को लेकर कार्य करती है ।

■ ग्राम पंचायत तुलसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने इस अवसर पर सी सी रोड निर्माण साहू समाज के सामुदायिक भवन कार्य का भूमिपूजन एवं नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का लोकार्पण किया । साथ ही 10 वीं एवं 12 वीं के मेघावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया एवं 19 हितग्राहियों को लर्निंग लाइसेंस मछुआरों को आईस पेटी एवं जाल राशनकार्ड वितरण किया तथा कुछ हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपा । उक्त शिविर में 1 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए तथा मौके पर 254 आवेदनों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता अनिल पांडेय मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच चंद्रमणि तिवारी, कमलेश साहू, हेमंत साहू, राहुल ठाकुर, पंचराम निषाद, प्रहलाद मिश्रा, एसडीएम अतुल शेटे, तहसीलदार अनुराग भट्ट, सीईओ सीपी मनहर सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

### नयापारा, सिंगारपुर, सिमगा एवं रोहांसी में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 20 मई को ग्रामीण क्षेत्रों में 2 स्थान पर और 2 नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन होगा। शिविर प्रातः 10 से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत नयापारा में शिविर आयोजित होगा जिसमें ग्राम पंचायत सुढेला, खटियापाटी, सुढेली, जुड़ा, जामडीह, खैदा(ड), लवनबन, डोटापार, नयापारा, लाहोद, मुण्डा, कोलिहा, गिंदोला, खम्हारडीह, डमरू, चिरपोटा, ताराशिव, तिल्दा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत सिंगारपुर शिविर में कोनी, जरहागांव, कोटमी, परसवानी अ, अकोली, निपनिया, भरतपुर, धौराभांठा, सेम्हराडीह, भोथीडीह, खपरी एस, सिलवा, गुड़ाघाट, सिंगारपुर, लमती, कोदवा एवं गोढ़ी एस शामिल है। नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पंचायत सिमगा में शिव मंदिर शंकर नगर, नगर पंचायत रोहांसी के रामायण चौक में शिविर आयोजित होगा।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर की बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।



## एक डिग्री और चढ़ा पारा, दोपहर में गर्मी से झुलस रहे राहगीर

**खरोरा।** शुक्रवार की शाम हुई बारिश से लोगों को काफी हद तक गर्मी से राहत मिली। वहीं शुक्रवार से आग उगलता तेज गर्मी ने एक बार फिर अपना प्रचंड रूप ले लिया। चिलचिलाती धूप व उमस के चलते लोग सुबह से अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो रहे हैं। गर्म हवा लोगों को झुलसा रही है।रविवार की तुलना में सोमवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि हुई। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके चलते आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आया। आने वाले कुछ दिनों में तापमान में विशेष अंतर नहीं आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तेज गर्मी से बचने लोग कूलर, पंखे, एसी का सहारा, ले रहे हैं फिर भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रहा है। आग उगलती सूरज की किरणें व तन को झुलसा देने वाली धूप से लोग बिलबिला रहे हैं। सोमवार को भी दोपहर 12 के बाद सड़कों पर पूरी तरह सन्नाटा पसर गया। जरूरी काम से निकले दोपहिया वाहनों में सवार लोगों को गमछा दस्ताने पहने हुए और टोपी लगाए हुए देखे गए।

### मेडिकल स्टोर प्रोफेशनल बिजनेस, फार्मासिस्टों की उपस्थिति अनिवार्य हो

**रायपुर।** मेडिकल स्टोर कोई किराना व्यापार नहीं बल्कि प्रोफेशनल बिजनेस है। इसमें नियमों की अनदेखी सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। नियमों के मुताबिक दवा केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट ही दवाओं का वितरण कर सकता है मगर वर्तमान में अप्रशिक्षित या गैर-पेशेवर लोग धड़ल्ले से दवाइयां बांट रहे हैं। उनके द्वारा ऑनलाइन फार्मेसी में काउंसिलिंग का अभाव और छूट के प्रलोभन को गलत करार देते हुए इसका विरोध किया है। 20 मई को ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा बुलाई गई देशव्यापी हड़ताल के आह्वान के बीच इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने अपना कड़ा रुख सामने रखा है। संगठन ने केमिस्टों के कामकाज के तरीकों पर गंभीर उंगली उठाई है कि केमिस्ट संगठन अक्सर दवा विशेषज्ञ फार्मासिस्टों की अनदेखी करते हैं।

## 10वीं-12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

बिलासपुर टाटा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, संस्कार एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "जन जागरण मिशन बिलासपुर टाटा" द्वारा ग्राम स्तरीय प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बिलासपुर एवं टाटा क्षेत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, पालकों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण उत्साह एवं प्रेरणा से भर गया।

कार्यक्रम का संचालन राजेश जायसवाल ने किया, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसान फसल बोने के बाद उसकी निरंतर देखभाल करता है, उसी प्रकार बच्चों को भी आगे बढ़ाने के लिए माता-पिता एवं गुरुजनों के सतत मार्गदर्शन और देखरेख की आवश्यकता होती है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीना हेमंत साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिलासपुर, रामकुमारी अशोक साहू सरपंच ग्राम पंचायत टाटा, विशिष्ट अतिथि सेवा नि.शिक्षक दशरथ लाल साहू, सेवानिवृत पुलिस अधिकारी लाल बहादुर महिलाने, जन जागरण मिशन के सदस्य राकेश डहरिया, गंगाराम साहू, अखिलेश्वर जायसवाल, रुपेश साहू, गौरव साहू, जीवन साहू, पुरुषोत्तम साहू, डॉ. घुराऊ जायसवाल, राजू महिलाने, प्रेम दीप कुर्रे, केशव साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बालिकाओं ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया

बालिका द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। जन जागरण मिशन 10वीं में रूचि साहू प्रथम, लक्की जोल्हे द्वितीय, नासिर कुर्रे तृतीय एवं 12वीं में पूनम साहू प्रथम, मंजुला साहू द्वितीय, चंचल साहू तृतीय को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, मोटिवेशन बुक्स, फाइल, की-रिंग एवं पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा पालकों ने भी इस पहल की सराहना की।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## गुरु साईं साधराम साहब का निधन

**भाटापारा।** पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के सचिव अजय मंधान ने बताया कि आज पाकिस्तान स्थित रहड़की साहेब के पूज्य संत एवं महान आध्यात्मिक गुरु साईं साधराम साहबजी के ब्रह्मलीन होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। उन्होंने भारत-पाकिस्तान ही नहीं वरन पूरे विश्व में रह रहे करोड़ों हिन्दुओं को न केवल आध्यात्मिक मार्ग दिखाया, बल्कि उन्हें साहस, सम्मान और संरक्षण भी प्रदान किया। उनका सम्पूर्ण जीवन धर्म, मानव सेवा एवं समाज उत्थान को समर्पित रहा। संत सतराम धाम के अध्यक्ष गोपी एवं उपाध्यक्ष निर्मल दावानी ने बताया कि साईं साधराम साहब भारत के छत्तीसगढ़ में पधारते तो भाटापारा में उनके द्वारा स्थापित सतराम धाम में सत्संग वर्षा का दिव्य सत्संग कर, आलौकित करते आए। पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साईं साध राम के शिष्य अनिल गिदवानी ने संत के परलोक गमन को संपूर्ण सिंधी समाज के अलावा पूरे विश्व के सनातन समाज की क्षति बताते हुए उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## थाना परिसर में प्रायवेट सुरक्षा कर्मी के लिए निःशुल्क शिविर आज

**बिलाईगढ़।** जिले के इच्छुक महिला और पुरुष बेरोजगारों को सुरक्षाकर्मी का रोजगार देने के लिए निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड अनूपपुर मध्यप्रदेश द्वारा 20 मई को थाना परिसर बिलाईगढ़ में निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में निर्धारित अन्य शिविर- इस निजी सुरक्षा कंपनी का सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में शिविर सुबह 10 से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है, जिसके अनुसार 21 मई को थाना परिसर भटगांव, 22 मई को थाना परिसर बरमकेला, 23 मई को थाना परिसर कोसीर, 25 मई को थाना परिसर सरसीवा, 26 मई को थाना परिसर केडार, 28 मई को थाना परिसर डोंगरीपाली, 29 मई को थाना परिसर बेलादुला, 30 मई को थाना परिसर सलिहा और 31 मई को थाना परिसर सारंगढ़ में आयोजित किया जाएगा। देश और राज्य के रायगढ़, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा जैसे शहरों के सरकारी और निजी अस्पताल, कंपनी ड्यूटी करने पर प्रतिमाह 10 से 20 हजार का वेतन सहित कुछ सुविधा कंपनी उपलब्ध कराएगी।

## कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 26 जुलाई को

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित-2021) अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु 26 जुलाई रविवार को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने हेतु इच्छुक विद्यार्थी प्राचार्य, प्रधान पाठक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर कार्यालयीन समय पर 27 जून तक आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

# भाटापारा में शब्द कीर्तन प्रतियोगिता में जपनूर कौर खुराना प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

अमरजीत सिंह सलूजा ने बातया कि अकाल पुरख की फौज, बलौदाबाजार इकाई द्वारा विशाल शब्द कीर्तन प्रतियोगिता 2026 का आयोजन गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा भाटापारा में किया गया। इस प्रतियोगिता में भाटापारा, बलौदाबाजार, नवागढ़, बेमेतरा, तखतपुर, डोंगरगढ़, पिथौरा सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों से बच्चों ने भाग लिया। आयोजन में अकाल पुरख की फौज की प्रदेश सलाहकार समिति के सदस्य अमरजीत सिंह सलूजा, अध्यक्ष सरदार बलवंत सिंह सलूजा, शहर अध्यक्ष रविंद्र सिंह चावला, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान मनमहेंद्र सिंह चावला, सचिव बेअंत सिंह खालसा, संरक्षक राजा गुंबर एवं हरभगवान गुंबर की टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के जजमेंट पैनल में भाटापारा से निशु सलूजा एवं बेमेतरा से जगजीत सिंह, जसविंदर सिंह उपस्थित थे। यह पहली बार देखने को मिला कि जजमेंट पैनल के निर्णय को सभी प्रतिभागियों एवं समाज के लोगों ने हंसी-खुशी स्वीकार किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता सेठी एवं शीतल सलूजा द्वारा किया गया। बेमेतरा से वीर जसपाल सिंह सलूजा, प्रतापल सिंह छाबड़ा एवं जसपाल सिंह चावला विशेष रूप से उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे। नवागढ़ से जयनी एवं गुरदीप सिंह ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### इन्हें मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दो वर्गों ग्रुप **A** 6 वर्ष से 12 वर्ष एवं ग्रुप **B** 13 वर्ष से 21 वर्ष में भाग लिया। ग्रुप **A** में प्रथम पुरस्कार जपनूर कौर खुराना (नवागढ़), द्वितीय पुरस्कार नीरत कौर खुराना (नवागढ़) एवं तृतीय पुरस्कार निरवैर कौर मक्कड़ (तखतपुर) तथा लवलीन कौर खुराना (नवागढ़) को प्रदान किया गया। वहीं ग्रुप **B** में प्रथम पुरस्कार गुरबानी कौर छाबड़ा (डोंगरगढ़), द्वितीय पुरस्कार रसलीन कौर सलूजा (भाटापारा) एवं तृतीय पुरस्कार पैज कौर खुराना (नवागढ़) को प्रदान किया गया।

**अकाल पुरख की फौज द्वारा सफल**



### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में समाज के अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें सुशील सेठी, गुरमीत गुंबर, विजय आनंद, हरप्रीत सलूजा, मंजीत सिंह सपल, राजा चावला, पिंकू सलूजा, सतीश राजपाल, मोहन खालसा, गगनजीत आनंद, जॉन्टी गुंबर, मन्नी छाबड़ा, सहज गुंबर, मीत छाबड़ा, अमन चावला, गुरदयाल गुंबर, सरनजीत सिंह खालसा, कमल सेठी, सिरजन गुंबर, उमंग चावला, रोबिन चावला, सरबजीत राणा, सरनप्रीत छाबड़ा, चिंटू छाबड़ा, सनी सलूजा, सन्नी मक्कड़, रूपेंद्र सिंह खालसा, रंजीत सिंह छाबड़ा सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य शामिल रहे।

**आक्रोश : तालाब को पाटकर उसमें सेप्टिक टैंक निर्माण का विरोध**

# नपं रोहासी में अतिक्रमण को लेकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर/पलारी

नगर पंचायत रोहासी में बड़ी मात्रा में अतिक्रमण किया गया है, जिस पर लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर के विकास में भागीदारी के लिए अनेक लोगों ने स्वेच्छा से इस कार्यवाही में सहयोग किया है। वहीं कुछ रसूखदार लोगों द्वारा अभी भी तालाब के किनारे अतिक्रमण कर पक्के मकान बना लिए है, यहां तक कि तालाब को पाटकर उसमें सेप्टिक टैंक का निर्माण कर लिए हैं। साथ ही तालाब में पानी की निकासी को भी बंद कर तालाब को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के डा. वर्मा द्वारा अपने दवाखाना को बड़े रूप देने के लिए बड़ा मकान का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें लगभग 8000 स्क्वेयर फीट जमीन पर अवैध मकान का निर्माण तालाब किनारे किया है, जिसका सेप्टिक टैंक तालाब के अंदर बनाया गया है, जिसकी शिकायत नगरवासियों द्वारा नगर पंचायत में की गई। नगरवासियों ने बताया कि तालाब में सेप्टिक टैंक के बनाने से तालाब का पानी प्रदूषित हो जाएगा और अनेक बीमारी पैदा होगी, जिससे महामारी का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। साथ ही डाक्टर वर्मा द्वारा दवाखाना का सीरीज और निडिल भी तालाब में फेंकी जा रही है, जिससे गंभीर समस्या पैदा हो रही है। इस पर उसे नियमानुसार तीन बार नोटिस भेजा गया, परन्तु उसके द्वारा नोटिस को नकारते हुए दवाखाना की सामग्री को फेंकना और निर्माण कार्य जारी रखा। नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की, जिस पर नायब तहसीदार पलारी द्वारा निर्माण पर रोक लगायी गयी।



### नगरवासियों में नाराजगी

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी पलारी दीपक निकुंज से पूछने पर बताया कि उक्त मामले में स्थगन आदेश जारी कर दिया गया है। अगर उसके बाद भी वह निर्माण कार्य कर रहा है, तो उस पर तालाबंदी की कार्यवाही की जा सकती है। अवैध मकान को तोड़ने के बारे में पूछने पर कहा कि अवैध मकान को तोड़ने की अनुमति सिविल न्यायालय द्वारा दी जाती है ये हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

### नोटिस के बाद भी नहीं मिला सहयोग

इस सम्बन्ध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रोहासी आर आर श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी है। डॉ. वर्मा को भी नोटिस तामील किया गया था, तहसीलदार एस डी एम पलारी को भी सूचित किया गया है उनके आदेश करने पर अतिक्रमण हटाया जायेगा।

### पक्के निर्माण का लगया आरोप

इस सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्ष रोहासी नंदेश्वर साहू से पूछने पर बताया कि तालाब किनारे डॉ. वर्मा एवं अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पक्के मकान बना लिए है। इस सम्बन्ध में नगर पंचायत से उक्त व्यक्ति को नोटिस भेजा गया है, परंतु उसने नगर के विकास कार्यों में सहयोग नहीं किया, जिसकी शिकायत सभी पार्षदों द्वारा कलेक्टर बलौदाबाजार से की गई थी, जिस पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रशासन को की जानी थी जिस पर अभी तक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे नगरवासियों में रोष व्याप्त है ।

# सचिव ने बच्चों को वितरित किया पौष्टिक आहार





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

जिला प्रशासन रायपुर द्वारा संचालित आओ बांटे खुशियां अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकी, जनपद पंचायत तिल्दा, जिला रायपुर के आंगनबाड़ी केंद्र 1 में विशेष आयोजन किया गया। इसी कड़ी में पंचायत सचिव कोमल प्रसाद साहू द्वारा बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाते हुए उन्हें पौष्टिक आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ खुशियां साझा कर उन्हें शिक्षा सामग्री के साथ उपहार स्वरूप स्नेह एवं प्रोत्साहन दिया गया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। आयोजन का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देना है। ग्राम पंचायत द्वारा लोगों से अपील की गई कि वे भी अपने विशेष अवसरों पर आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों में बच्चों के साथ खुशियां बांट कर इस अभियान में सहभागी बनें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र कनकी के कार्यकर्ता सावित्री यादव, सरस्वती वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा, शशिकला चौहान सहायिका उपस्थित थे।

# नगर पंचायत में 85.69 लाख के सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर पंचायत पलारी में मंगलवार को विकास कार्यों को नई गति देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू द्वारा विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। लगभग 85.69 लाख की लागत से होने वाले इन निर्माण कार्यों से नगरवासियों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी तथा आवागमन और अधिक सुगम बनेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 6, 9,12, 14 एवं 15 में सीसी रोड निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधाओं को बेहतर बनाने लगातार कार्य किए जा रहे हैं ताकि आम नागरिकों को सुविधाजनक वातावरण मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पंचायत जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद पिंटू वर्मा ने कहा कि वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए आज कई महत्वपूर्ण सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि वार्ड 15 में विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सड़क एवं मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

उक्त अवसर पर सभापति लेखु वर्मा, कुमार धीवर, पार्षद डोमार वर्मा, मंजू कृष्णा देवांगन, पुनीत निषाद, घनश्याम धीरहे, भोजराम साहू, पोषण साहू अंकीत जोशी, फ़ाज़ल खान, नंद कुमार सोनवानी, इस्लाम बेग, राधे महिलांग, घसिया बंजारे आदि वार्ड वासी उपस्थित थे।

# नगर में हाई मास्ट लाइट लगाने भूमि पूजन



**लवन।** नगर को हर रात जगमगाने के लिए आज हाई टीपर लाइट (हाई मास्ट लाइट) लगाने साप्ताहिक बाजार में नगर अध्यक्ष शिवममंगल सिंह चौहान की उपस्थिति में वार्ड 05 के पार्षद मृत्युंजय पाण्डेय ने पार्षद येशुदास निराला, हर प्रसाद बार्वे, नंदू वर्मा की मौजूदगी में भूमि पूजन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने कहा कि अब हर मौसम में बाजार परिसर में रोशनी की कमी नहीं होगी, बाजार में साग, सब्जी बेचने वाले देर शाम तक सब्जी बेच सकते हैं और नगर वासी अपनी खरीददारी कर सकते हैं। पार्षद मृत्युंजय पाण्डेय ने कहा कि यह लाइट सोनर पेनल वाली है। रात में बिजली बंद होने पर भी जलेगी इस पर रात के अंधेरे में हो चोरी चाकरी और अपराध पर अंकुश लगेगी वहीं आने जाने वालों के लिए रास्ता आसान होगा।

